# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस-नोट दिनांक 04.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆यूपी गैंगस्टर एक्ट के इनामिया ₹15,000/- ₹15,000/-के 02 वांछित अभियुक्तगण चढे पुलिस के हत्थे।

◆थाना कठेला समयमाता पुलिस को मिली बड़ी सफलता।

◆गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिहं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, दरवेश कुमार क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण में रोहित उपाध्याय थानाध्यक्ष कठेला समयमाता मय फोर्स द्वारा आज दिनांक 04.07.2024 को थाना स्थानिय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 93/2024 धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट से संबंधित इनामिया ₹15,000/- ₹15,000 के 02 वांछित अभियुक्तगण को इटवा-ढेबरुआ मार्ग भेलहवा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1.निजाम पुत्र नजीर उर्फ भोका कल्लू निवासी सेमरा थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

2.मुआज अहमद पुत्र शकील अहमद निवासी सेमरा थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

**अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-**

1.मु0अ0सं0 -25/2023 धारा 376डी/506 व 5/6 पोक्सो एक्ट।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01-थानाध्यक्ष रोहित उपाध्याय थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

02-हे0का0 रविन्द्र कुमार गौतम थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

03-का0 सतीशचन्द चौहान थाना कठेला समयमाता जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट- दिनांक 04.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, दरवेश कुमार क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के पर्यवेक्षण में दुर्गा प्रसाद,थानाध्यक्ष थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 04.07.2024 को थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा वाद संख्या 1754/09 धारा 323,504,506 भादवि से संबंधित वारंटी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया ।**

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण :-**

**1. तुलसी पुत्र बनवारी निवासी मलपार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर**

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

**01. उ0नि0 अवधेश यादव थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02. का0 मनोज कन्नौजिया थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03. का0 संदीप मिश्रा थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर।**

## प्रेस नोट दिनांक 04.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना शिवनगर डिड़ई का वार्षिक निरीक्षण कर थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निरीक्षण के पश्चात पौधरोपण व थाना स्थानिय पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण व ग्राम प्रहरीगण के साथ गोष्ठी किया गया तथा ग्राम प्रहरीगण को टार्च, छाता, साफा इत्यादि का वितरण किया गया।**

आज दिनांक 04.07.2024 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, सुश्री प्राची सिंह द्वारा थाना शिवनगर डिड़ई का वार्षिक निरीक्षण किया गया, सर्वप्रथम महोदय द्वारा मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप, मेस, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस., बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क तथा थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाने के विभिन्न अभिलेखों का गहनता से निरीक्षण किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि-भवन रजिस्टर एवं मालखाना रजिस्टर-2023 का भी महोदय द्वारा गहनता से निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा वाहन चोरी, लूट, नकबजनी,चोरी, महिलाओं से संबंधित होने वाले अपराध की घटनाओं की रोकथाम एवं रूटीन पैदल गश्त, वाहन चेकिंग, बैंक चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों आदि की चेकिंग प्रभावी तरीके से थानाक्षेत्र में करते रहने हेतु निर्देशित किया गया। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई को अपने अधीनस्थों का कुशल पर्यवेक्षण करते हुए पूर्णनिष्ठा से, निष्पक्ष रूप से कार्यवाही कराते हुये बेहतर परिणाम उपलब्ध कराने हेतु कहा गया तथा थाना स्थानीय पर आम के पौधे का पौधरोपण भी किया गया। थाना स्थानीय के ग्राम प्रहरीगण के साथ गोष्ठी कर उनके कर्तव्यों से अवगत कराते हुए हर छोटी व बड़ी सूचना को अपने बीट पुलिस अधिकारी को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया तथा ग्राम प्रहरीगण को टार्च, छाता, साफा इत्यादि का वितरण किया गया। वार्षिक निरीक्षण के पश्चात् महोदय द्वारा थाने पर नियुक्त अधि0/कर्मचारीगण से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी बांसी, थानाध्यक्ष शिवनगर डिड़ई, वाचक पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण व ग्राम प्रहरीगण मौजूद रहे।

## प्रेस नोट दिनांक 04.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रवणमास के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आदि के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग ।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, गर्वित सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष गोल्हौरा द्वारा आज दिनांक 04.07.2024 को थाना स्थानीय पर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी । मीटिंग में आगामी त्यौहार मोहर्रम तथा श्रवणमास के संदर्भ में बाते की गयी और दोनो समुदाय के लोगो से बातचीत कर शांतिपूर्वक व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी और उच्चाधिकारी द्वारा बताये गए आदेश निर्देश से अवगत कराया गया ।

## प्रेस नोट दिनांक   04-07-2024 महिला थाना जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में चलाये जा रहे परिवार परामर्श केंद्र जब/नई-किरण(टूटते परिवार को जोडने की एक पहल कार्यक्रम) के तहत महिला थाना द्वारा 02 परिवार के मध्य सुलह समझौता कराकर उनके परिवार को बिखरने से बचाया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 04.07.2024 को महिला थाना सिद्धार्थनगर पर परिवार परामर्श केंद्र/नई किरण(टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम) का आयोजन किया गया । इस आयोजन में 03 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई । जिसमें परामर्श के बाद 02 पत्रावली का सफल निस्तारण कर 02 परिवार को बिखरने से बचाया गया व 01पत्रावली में वार्ता प्रचलित है 02 परिवार को बिखरने से बचाने में थानाध्यक्ष शाइस्ता, उप निरीक्षक सुरेश प्रसाद, महिला हेड कांस्टेबल सविता सिंह ,महिला हेड कांस्टेबल सत्या त्रिपाठी,  का0 नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

निस्तारित पत्रावली का विवरण निम्न है–

1. बबीता पत्नी ध्रुव प्रसाद निवासी दूल्हाजनूबी  थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
2. अमीना पत्नी शहजाद निवासी अडवाडीह थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 04.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆उपजिलाधिकारी इटवा व क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावणमास के दृष्टिगत थाना इटवा पर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आदि के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, उपजिलाधिकारी इटवा व क्षेत्राधिकारी इटवा द्वारा आज दिनांक 04.07.2024 को थाना इटवा पर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में आगामी त्यौहार मोहर्रम तथा श्रावणमास के संदर्भ में गोष्ठी की गयी और दोनो समुदाय के लोगो से बातचीत कर शांतिपूर्वक व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी और उच्चाधिकारी द्वारा बताये गए आदेश निर्देश से अवगत कराया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक इटवा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## प्रेस-नोट दिनांक 04.07.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावणमास तथा जनपद में शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुट मार्च/पैदल गश्त कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 04-07-2024 को जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार मोहर्रम व श्रावणमास के दृष्टिगत जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गश्त कर आम-जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया।